**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1573**
**(02 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना**

**1573. श्री ए. राजाः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकानों की संख्या का तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गयी निधि का तमिलनाडु सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) इस योजना के अंतर्गत अब तक निर्धारित किए गए लक्ष्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) इस योजना के अंतर्गत अब तक गरीबों और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को आवंटित मकानों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या इस योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गयी है; और
(च) क्या इन योजनाओं की प्रगति कुछ राज्यों में बहुत धीमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख) : पिछले 3 वर्षों (2016-17, 2017-18 और 2018-19) तथा वर्तमान वर्ष (2019-20) के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत निर्मित मकानों की संख्या, रिलीज और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा, जिसमें तमिलनाडु राज्य शामिल है, अनुबंध-I और II में दर्शाया गया है।

(ग) : वर्ष 2022 तक "सभी के लिए आवास" के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूर्ववर्ती ग्रामीण आवास योजना को प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण के रूप में पुनर्गठित कर दिया गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वर्ष 2021-22 तक पीएमएवाई-जी के अंतर्गत बनाए जाने वाले मकानों की लक्षित संख्या 2.95 करोड़ है, जिसकी पूर्ति चरणों में की जानी है। पहले चरण में वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक तीन वर्षों में 1.00 करोड़ मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया गया और दूसरे चरण में वर्ष

2019-20 से 2021-22 तक तीन वर्षों की अवधि में 1.95 करोड़ मकानों का निर्माण किए जाने का लक्ष्य है। दिनांक 27 जून, 2019 तक पीएमएवाई-जी के अंतर्गत कुल 1,00,93,550 मकान स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 81,45,763 मकानों का निर्माण कार्य संपन्न हो गया है।

(घ) : प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी के अंतर्गत) लाभार्थियों का निर्धारण सामाजिक-आर्थिक और जाति-आधारित जनगणना (एसईसीसी) - 2011 के आंकड़ों के अनुसार आवास एवं सामाजिक-आर्थिक अभाव पैरामीटरों के आधार पर किया जाता है। तदनुसार सभी बेघर और शून्य, 1 एवं 2 कमरों के कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को एसईसीसी-2011 के अनुसार बहिर्वेशन पैरामीटरों के अधीन पीएमएवाई-जी के अंतर्गत सहायता दी जाती है। दिनांक 27 जून, 2019 तक पात्र अभावग्रस्त ग्रामीण परिवारों को पीएमएवाई-जी के अंतर्गत कुल 1,00,93,550 मकान स्वीकृत किए गए हैं।

(ड.) और (च) : पीएमएवाई-जी के अंतर्गत वर्ष 2022 तक 2.95 करोड़ पक्के मकानों के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। वर्ष 2022 तक इस लक्ष्य की पूर्ति के उद्देश्य से सरकार द्वारा किए गए उपाय इस प्रकार हैं:-

i. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पीएमएवाई-जी का राज्य नोडल खाता नामक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय बैंक खाता है, जिससे सहायता राशि सीधे लाभार्थी को निधि अंतरण आदेश के माध्यम से अंतरित की जाती है और इससे लाभार्थी को निधियों का निरंतर एवं शीघ्र अंतरण सुनिश्चित हो पाता है।
ii. इस योजना के कार्यान्वयन और निगरानी जैसे कार्य संपूर्ण ई-शासन मॉडल के माध्यम से किए जाते हैं। लाभार्थियों के निर्धारण से लेकर मकानों का निर्माण कार्य संपन्न करने तक इस योजना के कार्यान्वयन से जुड़े सभी कार्यकलाप एमआईएस-आवास सॉफ्ट के माध्यम से किए जाते हैं।
iii. मकान के निर्माण के प्रत्येक पूर्व-निर्धारित चरण में जियोटैग किए हुए फोटोग्राफों की आवास ऐप नामक मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोडिंग के द्वारा मकान के निर्माण की साक्ष्य आधारित निगरानी। इससे मकान के निर्माण के सत्यापन मे लगने वाली समयावधि को कम करने में मदद मिली है, जिसके परिणामस्वरूप सहायता राशि अपेक्षाकृत शीघ्र जारी किए जाने से मकानों का निर्माण कार्य समय पर संपन्न हो रहा है।
iv. 'व्यावसायिक' ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यान्वयन करके प्रशिक्षित ग्रामीण राजमिस्त्रयों की उपलब्धता बढ़ाना, जिससे अधिक तेजी से गुणवत्तापूर्ण मकानों के निर्माण में मदद मिली है।
v. मकानों के निर्माण की निगरानी और समय पर समापन की स्थिति में सुधार के लिए पीएमएवाई-जी के अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक मकान स्थानीय कार्यकर्ता को सौंपा जाना।
vi. निष्पादन इंडैक्स डेश बोर्ड के आधार पर सर्वोत्तम कार्यनिष्पादन करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पुरस्कार प्रदान करना, जिससे निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच सकारात्मक उपयोगिता और प्रेरणा का माहौल तैयार हुआ है।

*******

**अनुबंध-I**

लोक सभा में प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना के विषय में 02.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1573 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पीएमएवाई-जी के अंतर्गत निर्मित मकानों की संख्या

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2018-19** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 82 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 154914 | 22729 | 0 | 0 |
| 3 | बिहार | 375650 | 198460 | 0 | 0 |
| 4 | छत्तीसग□ | 224360 | 198414 | 258437 | 0 |
| 5 | गोवा | 17 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | गुजरात | 98940 | 76337 | 0 | 6 |
| 7 | हरियाणा | 8374 | 3795 | 0 | 0 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 4552 | 2004 | 0 | 0 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 9268 | 5918 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 212040 | 135179 | 106551 | 0 |
| 11 | केरल | 12526 | 3307 | 0 | 0 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 421638 | 366292 | 522646 | 0 |
| 13 | महाराष्ट्र | 197152 | 107757 | 35695 | 4 |
| 14 | मणिपुर | 6878 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | मेघालय | 10546 | 21 | 0 | 0 |
| 16 | मिजोरम | 2233 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | ओडिशा | 350649 | 287596 | 188553 | 0 |
| 19 | पंजाब | 9495 | 3705 | 0 | 0 |
| 20 | राजस्थान | 240078 | 209512 | 186602 | 0 |
| 21 | सिक्किम | 1016 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | तमिलनाडु | 115653 | 54674 | 3587 | 0 |
| 23 | त्रिपुरा | 22715 | 1144 | 0 | 0 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 558769 | 379451 | 304023 | 0 |
| 25 | उत्तराखंड | 8270 | 3811 | 0 | 0 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 422652 | 364668 | 524589 | 0 |
| 27 | अण्डमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | दादर और नगर हवेली | 56 | 99 | 37 | 0 |
| 29 | दमन और दीव | 0 | 13 | 0 | 0 |
| 30 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | आंध्र प्रदेश | 40338 | 4971 | 0 | 0 |
| 33 | कर्नाटक | 38738 | 37577 | 0 | 0 |
| 34 | तेलंगाना | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **3547599** | **2467434** | **2130720** | **10** |

**अनुबंध-II**

लोक सभा में प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना के विषय में 02.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1573 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पीएमएवाई-जी के अंतर्गत रिलीज और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा

**(रु. लाख में)**

| क्र.सं. | राज्य | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | केंद्रीय रिलीज | उपयोग* | केंद्रीय रिलीज | उपयोग* | केंद्रीय रिलीज | उपयोग* | केंद्रीय रिलीज | उपयोग* |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 21712.785 | 16706.827 | 35192.885 | 26454.131 | 18605.43 | 25609.525 | 0 | 976.2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 5412.3 | 0 | 1210.97 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 132197.898 | 64360.634 | 166961.67 | 164213.9 | 24408.4 | 116401.605 | 0 | 8402.1 |
| 4 | बिहार | 211427.064 | 62255.395 | 60257.06 | 389557.395 | 444931.907 | 595384.518 | 0 | 77336.89 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 83815.912 | 79489.263 | 262507.14 | 421901.832 | 263695.439 | 400271.681 | 0 | 42291.39 |
| 6 | गोवा | 284.785 | 353.4 | 0 | 36.95 | 0 | 63.3 | 0 | 15.3 |
| 7 | गुजरात | 36527.407 | 10354.155 | 53264.22 | 124438.045 | 68219.85 | 85908.685 | 0 | 9277.4 |
| 8 | हरियाणा | 7414.461 | 8632.26 | 2153.84 | 17782.16 | 2839.56 | 4631.63 | 0 | 1523.28 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3253.818 | 2450.35 | 5087.875 | 4029.93 | 1468.94 | 3488.44 | 0 | 59.41 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 8033.007 | 2.25 | 4982.112 | 9571.5 | 22683.11 | 18614.3 | 0 | 4073.4 |
| 11 | झारखंड | 79630.141 | 42894.843 | 162629.855 | 315889.65 | 173352.475 | 278384.99 | 0 | 14586.12 |
| 12 | कर्नाटक | 27863.995 | 804.18 | 59304.625 | 53789.277 | 18822.48 | 59463.958 | 0 | 1859.37 |
| 13 | केरल | 10049.44 | 16628.111 | 2140.78 | 13537.853 | 0 | 5128.555 | 0 | 310.8 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 170114.866 | 198105.057 | 487626.83 | 795711.815 | 425042.66 | 759147.998 | 0 | 18446.62 |
| 15 | महाराष्ट्र | 73566.023 | 97724.762 | 110207.766 | 229734.956 | 113552.93 | 209438.628 | 0 | 20117.77 |
| 16 | मणिपुर | 5767.41 | 1347.45 | 5855.296 | 7113.648 | 429.975 | 5225.04 | 0 | 341.26 |
| 17 | मेघालय | 8078.23 | 1221.639 | 4273.762 | 11650.067 | 12621.33 | 11380.251 | 0 | 2271.23 |
| 18 | मिजोरम | 2482.986 | 518.25 | 644.25 | 2646.51 | 2923.83 | 808.672 | 0 | 0 |
| 19 | नागालैंड | 4676.217 | 0 | 832.99 | 16.9 | 0 | 3922.6 | 0 | 276.9 |
| 20 | ओडिशा | 149452.934 | 72912.92 | 312405.903 | 585156.215 | 329032.43 | 458571.18 | 0 | 27259.75 |
| 21 | पंजाब | 7559.1 | 377.09 | 1602.06 | 3480.637 | 0 | 13235.656 | 0 | 440.4 |
| 22 | राजस्थान | 87153.102 | 73389.595 | 189566.23 | 432208.19 | 234013.32 | 319087.1 | 0 | 24116.07 |
| 23 | सिक्किम | 1190.605 | 201.65 | 0 | 1058.85 | 0 | 576.05 | 0 | 13 |
| 24 | तमिलनाडु | 69059.77 | 23195.332 | 84848.578 | 113191.933 | 50279.81 | 141493.999 | 0 | 18529.94 |
| 25 | तेलंगाना | 14263.335 | 0 | 4815.53 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | त्रिपुरा | 13455.455 | 3482.007 | 18316.45 | 25118.733 | 765.98 | 10693.928 | 6246.923 | 448.39 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 223980.445 | 133461.447 | 494806.433 | 1027904.955 | 277585.808 | 477877.383 | 2787.009 | 7308.6 |
| 28 | उत्तराखंड | 7484.09 | 4996.55 | 1381.4 | 8162.307 | 9598.3 | 6378.864 | 0 | 352.8 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 139363.741 | 173128.457 | 455666.018 | 797224.14 | 437284.79 | 776420.95 | 149400 | 16024.92 |
| 30 | अ. और नि. | 196.37 | 0 | 33.07 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | दादर और नगर हवेली | 282.83 | 0 | 330.88 | 55.2 | 946.97 | 905.6 | 0 | 564.8 |
| 32 | दमन और दीव | 49.88 | 0 | 8.74 | 10.4 | 0 | 5.892 | 0 | 0 |
| 33 | लक्षद्वीप | | 0 | 70.92 | 0 | 0 | 23.4 | 0 | 0 |
| 34 | पुदुचेरी | | 0 | | 0 | | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **1605800.402** | **1088993.874** | **2988986.138** | **5581648.079** | **2933105.724** | **4788544.378** | **158433.932** | **297224.110** |

*राज्य अंश का उपयोग शामिल है